# कार्यालय, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय

## नगरपारा, भागलपुर – 853203 (बिहार)

डॉ0 दीपक कुमार (बि0 शि0 से0)
प्र0 प्राचार्य

:- ptecnagarpara17@gmail.com
:- www.ptecnagarpara.org.in

**डी0एल0एड0 (प्रशिक्षण सत्र 2025–27) तृतीय सूची में नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना :–**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के विज्ञप्ति संख्या –पी0आर0 327/2025 के आलोक में समिति द्वारा नामांकन हेतु जारी तृतीय चयन सूची में चयनित छात्र/छात्रा को निदेश दिया जाता है कि डी0एल0एड0 (प्रशिक्षण सत्र 2025–27) में नामांकन दिनांक 03.01.2026 से 08.01.2026 तक महाविद्यालय कार्यालय में लिया जायेगा। नामांकन हेतु निम्न अभिलेख मूल में तथा स्वहस्ताक्षरित कवर फाईल में लेकर महाविद्यालय में नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगें। नामांकन हेतु निर्धारित शुल्क अनुसूचित जाति/जनजाति (SC/ST) एवं दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थयों के लिए 7000/–(सात हजार रू0 मात्र) एवं शेष वर्ग के अभ्यर्थियों यथा–सामान्य (अनारक्षित), पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 11500/– (ग्यारह हजार पाँच सौ रू0 मात्र) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत PRINCIPAL, PTEC NAGARPARA के पक्ष में देय तथा भागलपुर में भुगतेय होना चाहिए। ( ड्राफ्ट प्राथमिकता के आधार पर PNB अथवा SBI का हो) संलग्न करना आवश्यक होगा।

**चूँकि यह तीसरी और अंतिम सूची बोर्ड द्वारा जारी की गयी है, इसलिये इस सूची के प्रशिक्षुओं का SLIDE-UP नहीं होना है। अतः तीसरी सूची में नामांकन लेने वाले छात्र/छात्रा को नामांकन की पूरी राशि जमा करनी होगी। तीसरी सूची में यदि कोई छात्र/छात्रा अन्य महाविद्यालय से SLIDE-UP होकर नामांकन लेते हैं तो उन्हें SLIDE-UP होने वाले महाविद्यालय का रसीद तथा नामांकन की शेष पूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा करनी होगी। (उदाहरण के लिए यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा 3000/–रू0 SLIDE-UP राशि का रसीद जमा किया जाता है तो अनुसूचित जाति/जनजाति (SC/ST) एवं दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थयों को शेष 4000/– रू0 का बैंक ड्राफ्ट तथा शेष वर्ग के अभ्यर्थियों यथा–सामान्य (अनारक्षित), पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 8500/–रू0 का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा।)**

**आवश्यक दस्तावेज :–**

1. बोर्ड द्वारा प्रेषित चयन संबंधी सूचना (Intimation Letter) का प्रिंट आउट।
2. सामान्य आवेदन (Common Application Form) का प्रिंट आउट।
3. डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का स्कोर कार्ड।
4. 10वीं बोर्ड परीक्षा का अंक पत्रक एवं उत्तीर्णता मूल प्रमाण पत्र।
5. 12वीं बोर्ड परीक्षा का अंक पत्रक एवं उत्तीर्णता (मूल/औपबंधिक) प्रमाण पत्र।
6. विद्यालय/महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र, CLC (अंतिम उपाधि जहाँ से ग्रहण किये हैं उस विद्यालय/महाविद्यालय का)
7. प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) (अंतिम उपाधि)
8. आचरण प्रमाण पत्र (अंतिम उपाधि)
9. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
10. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
11. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत EWS/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संबंधी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
12. क्रीमीलेयर रहित (Non Creamy layer) होने का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
13. प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत सभी प्रमाण पत्रों के सही होने का शपथ पत्र (प्रारूप संलग्न)
14. पासपोर्ट आकार के पाँच रंगीन फोटो।
15. नामांकन शुल्क से संबंधी बैंक ड्राफ्ट ।

03/01/26

( डॉ0 दीपक कुमार)
प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर।